卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 140 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ( ऊधमसिंहनगर ) ♦बुधवार ♦25 फरवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## हत्याकांड से दहली दिल्ली : सनकी पति ने पत्नी और तीन मासूम बेटियों का गला रेता

नई दिल्ली। दिल्ली के समयपुर बादली के चंदन पार्क इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। एक शख्स ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और तीन मासूम बेटियों की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, आज सुबह समयपुर बादली थाना क्षेत्र के चंदन पार्क के एक मकान में चार लोगों की हत्या की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम वरिष्ठ अधिकारियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा



खोला तो अंदर का मंजर देखकर वे भी सन्न रह गए। घर के ग्राउंड फ्लोर पर बने एक कमरे में तीन छोटी बच्चियों और एक महिला के शव खून से लथपथ पड़े पड़े मिले। सभी के गले पर गहरे घाव थे, जो किसी तेज धार वाले हथियार के थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल क्राइम टीम और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीमों को घटनास्थल पर बुलाया गया। घटनास्थल का मुआयना करने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। जांच में मृतकों की पहचान **( शेष पेज सात पर )**

## युवक की पिस्टल से चली गोली, महिला घायल

देहरादून। रायपुर थाना क्षेत्र के नेहरू ग्राम में मेहंदी समारोह में नाचने के दौरान एक युवक की लाइसेंसी पिस्टल से अचानक गोली चल गई। इससे महिला के पैर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने पिस्टल को भी जब्त कर लिया है। अब उसका लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक घटना सोमवार रात करीब साढ़े 11 बजे की है। गढ़वाली कॉलोनी नेहरूग्राम निवासी कमल कुमार यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर पर शादी से पूर्व मेहंदी का कार्यक्रम था। इसमें शामिल होने आए परिचित लक्ष्मण सिंह नेगी समेत कई लोग नाच रहे थे। उन्होंने अपनी कमर में लाइसेंसी पिस्टल लगाई थी। नाचने के दौरान ही पिस्टल से अचानक गोली चल गई। इससे उनकी साली नीलिमा घायल हो गईं। उन्हें फौरन कोरोनेशन अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण नेगी को हिरासत में ले लिया। साथ ही पिस्टल भी जब्त कर ली। थानाध्यक्ष गिरीश नेगी ने बताया कि पिस्टल का लाइसेंस भी निरस्त किया जाएगा। इस मामले में पुलिस ने आर्म्स एक्ट समेत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। लाइसेंस के निरस्तीकरण के लिए डीएम को मामले की रिपोर्ट भेजी जाएगी। गनीमत रही कि पिस्टल की नाल नीचे की तरफ थी नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। समारोह में छोटे बच्चे भी थे।

## ऊधम सिंह नगर व पिथौरागढ़ जिले के कई लोग भाजपा में शामिल

हल्द्वानी। आज भारतीय जनता पार्टी के कुमाऊ संभाग कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद महेन्द्र भट्ट की उपस्थिति में ऊधम सिंह नगर व पिथौरागढ़ जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधियों व अन्य दलो के अनेको कार्यकर्ताओं ने भाजपा की रीति नीति व मोदी व धामी सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने पटका पहनाकर प्रत्येक कार्यकर्ता का पार्टी में स्वागत किया, उन्होने कहा कि भाजपा सिर्फ एक पार्टी न होकर एक परिवार की तरह कार्य करती है। श्री भट्ट ने कहा कि मोदी सरकार के विगत 11 साल व धामी सरकार के विगत 4 वर्षों में देश व राज्य की जनता ने ऐतिहासिक जन कल्याण के निर्णय व अभूतपूर्व विकास कार्यों को



प्रत्यक्ष रूप में देखा है तथा किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए विकास कार्य ही सर्वोच्च प्राथमिकता होती है तभी अन्य दलो के जनप्रतिनिधि लगातार भाजपा में आ रहे है व भाजपा के द्वार समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने वाले सभी व्यक्तियों के लिए खुले है। महेन्द्र भट्ट ने पार्टी की सदस्यता लेने वाले सभी जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि पार्टी में प्रत्येक नये कार्यकर्ता का पूर्ण सम्मान करते हुए किसी न किसी रचना में उनको समायोजित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होने कहा कि धामी सरकार द्वारा राज्य में किये गए अभूतपूर्व विकास कार्यों के फलस्वरूप आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा रिकार्ड तीसरी बार प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। उधमसिंह नगर से सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रमुख जनो में ब्लाक प्रमुख रूद्रपुर रीना गौतम, ज्येष्ठ प्रमुख रुद्रपुरसंजय सिंह, कनिष्क प्रमुख रुद्रपुर भारती देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य रूचि पाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य जय नारायण तिवारी, **( शेष पेज 7 पर )**

## सड़क हादसे में बुझा घर का चिराग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंगलवार की रात्रि गदरपुर थाना क्षेत्र में काशीपुर मार्ग पर रविवार बाजार के पास हुए एक हादसे में कार की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक को चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार वार्ड 4 इन्द विहार गदरपुर निवासी 18 वर्षीय अभिषेक पुत्र बंटीलाल मंगलवार की रात्रि बाईक पर सवार होकर काशीपुर रोड़ से घर वापस लौट रहा था। मार्ग में रविवार बाजार के पास सामने की ओर से तेज गति से आती कार के चालक ने



उसकी बाईक को जोर से टक्कर मार दी। जिससे अभिषेक छिटककर सड़क किनारे लगे पोल से टकराकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ लग गई। मामले की जानकारी मिलने पर परिजनों के साथ ही पुलिसकर्मी भी वहां आ गये। अभिषेक को उपचार के लिए तत्काल चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। **( शेष पेज सात पर )**

## नशीले इंजेक्शनों के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी। जनपद को नशामुक्त बनाने के अभियान के तहत नैनीताल पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लालकुआं पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान 300 नशीले इंजेक्शन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर नशा तस्करी के नेटवर्क पर करारा प्रहार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के नेतृत्व में चल रहे नशामुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत सभी थाना प्रभारियों को अवैध नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सिटी हल्द्वानी मनोज कुमार



कत्याल और क्षेत्राधिकारी अमित कुमार के पर्यवेक्षण में कोतवाली लालकुआं पुलिस टीम ने सुभाषनगर बैरियर पर चेकिंग के दौरान मौ. रफी निवासी उजालानगर बनभूलपुरा को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से 150 अविल इंजेक्शन और 150 बुप्रेनॉर्फिन इंजेक्शन सहित कुल 300 नशीले इंजेक्शन बरामद किए गए। इस मामले में कोतवाली लालकुआं में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पूछताछ में **( शेष पेज सात पर )**

## नमाजी के साथ मारपीट में मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। अटरिया मंदिर परिसर के पास नमाज पढ़ रहे एक व्यक्ति के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामला पंतनगर कोतवाली क्षेत्र का है।




पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र चौधरी ने बताया कि घटना के संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मारपीट के आरोपी श्री अटरिया मन्दिर समिति के सचिव अरविन्द शर्मा और एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ धारा 115,351(3) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम अटरिया मंदिर के सामने खुले मैदान में नमाज पढ़ने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मजदूरी करने वाला युवक पिछले कुछ दिनों से मंदिर के सामने स्थित मैदान में नमाज अदा कर रहा था। मंगलवार को इस पर आपत्ति जताए जाने के बाद विवाद बढ़ गया और युवक के साथ लात-घूंसों व डंडों से मारपीट की गई। घटना का वीडियो किसी व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जो तेजी से वायरल हो गया। **( शेष पेज7 पर )**

# रेप पीड़िता के आरोपों से 'कटघरे' में पुलिस की कार्यप्रणाली

### फरियाद लेकर पुलिस के पास पहुंची रेप पीड़िता के हिस्से आई मारपीट एवं बयान बदलने की पुलिसिया घुड़की

**- अर्श-**

रुद्रपुर, केंद्र एवं राज्य की सरकार द्वारा मातृशक्ति की सुरक्षा ,सम्मान एवं अन्याय व शोषण से मुक्ति के तमाम दावों के बीच रुद्रपुर शहर में हुए गैंगरेप का एक मामला पुलिस की संवेदनहीन कार्य शैली के चलते खासा सुर्खियों में है। उपरोक्त मामले ने उधम सिंह नगर पुलिस की कार्य प्रणाली को एक बार फिर कटघरे में खड़ा कर दिया है। ज्ञात हो कि बीती बाईस फरवरी की रात स्थानीय गांधी पार्क में आयोजित सरस मेले से अपने देवर के साथ घर लौटते समय किच्छा बायपास मार्ग में गैंगरेप का शिकार हुई पीड़िता ने शहर पुलिस पर अपने साथ मारपीट करने एवं बयान बदलने का दबाव देने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी में हीला हवाली करने का आरोप लगाया है। न्याय के लिए पुलिस चौकी और शहर की कोतवाली के चक्कर लगा रही पीड़िता ने आप बीती बयान करते हुए उत्तरांचल दर्पण को बताया, कि वह बाईस फरवरी को गांधी पार्क में



आयोजित सरस मेले में अपने देवर के साथ गई थी। वहां से लौटते समय किच्छा बायपास मार्ग पर तीन युवकों ने तमंचे की नोक पर उसके साथ गैंगरेप किया तथा भयभीत करने के लिए उसके हाथ पर चाकू से वार भी किया। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने घटना के दौरान उसका आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया है। फरियादिया ने आगे बताया कि उसकी शिकायत पर कार्यवाही करने की बजाय उल्टा उसे ही प्रताड़ित कर रही है और उस पर ही देह व्यापार में लिप्त होने का आरोप मढ़ रही है। बातचीत के दौरान पीड़िता ने साफ तौर पर कहा कि वह पुलिस कर्मियों को घटनास्थल भी ले जा चुकी है ,लेकिन पुलिस उसके साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर विश्वास नहीं कर रही है। पीड़िता के अनुसार उसके साथ महिला पुलिस कर्मियों द्वारा मारपीट भी की गई है और बयान बदलने के लिए उसे पुलिसिया घुड़की की भी दी जा रही है। इतना ही नहीं, पीड़िता ने अपनी जेठानी पर भी उसे देह व्यापार के गलीच कार्य के लिए दुष्प्रेरित करने का आरोप लगाया है। हालांकि मामले के संबंध में पुलिस अधिकारियों द्वारा स्पष्ट किया गया है कि चार व्यक्तियों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है और आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है ,लेकिन घटना के कई घंटे व्यतीत हो जाने के बाद भी पीड़िता के बयान दर्ज में विलंब के संबंध में कोई ठोस वजह, खबर लिखे जाने तक सामने नहीं आ पाई है। जिसके चलते पुलिस की कार्यवाही पर उंगलियां उठाना स्वाभाविक है। फिलहाल गैंगरेप का यह मामला और मामले में पुलिस की ढुलमुल कार्यप्रणाली प्रदेश के तमाम न्यूज चैनलों एवं सोशल **( शेष पेज सात पर )**

# बनभूलपुरा से हटेंगे हजारों कब्जेदार

## सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के पक्ष को माना,पुनर्विास के लिए पीएम आवास योजना में करें आवेदन

नई दिल्ली। हल्द्वानी के बहुचर्चित बनभूलपुरा में रेलवे भूमि पर अतिक्रमण से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा आदेश दिया है। सर्वोच्च अदालत ने कथित रेलवे की जमीन से बेदखली पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने राज्य की तरफ से अधिवक्ताओं के तर्क को सुना। इसके साथ ही याचिका डालने वाले अधिवक्ताओं को भी सुना। राज्य की तरफ से पुनर्वास की बात कही गई और प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य योजनाओं के बारे में बताया गया। कोर्ट ने जिला प्रशासन से कहा कि 19 से 31 मार्च के बीच बनभूलपुरा में शिविर लगाकर पात्रों को तलाशा जाए। इसके बाद रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में अगले डेर सबमिट करना होगा। राज्य सरकार ने अपना हलफनामा भी पेश किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हल्द्वानी में रेलवे के विस्तार की वजह से बेदखली का सामना कर रहे लोगों को उसी जगह पर पुनर्वास का कोई अधिकार नहीं है। चूंकि हजारों परिवारों के बेघर होने की संभावना है इसलिए अधिकारियों को पीएम आवास योजना के तहत उनकी योग्यता का परीक्षण करते हुए उनके पुनर्वास में मदद करनी चाहिए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपिन पंचोली की बेंच ने हल्द्वानी में कथित रेलवे की जमीन से बेदखली पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि सर्वोच्च अदालत ने माना कि हजारों परिवारों के बेघर होने की संभावना है, इसलिए राज्य को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रभावित लोगों की योग्यता की पुष्टि करनी चाहिए ताकि वे योजना के तहत घर के लिए अप्लाई कर सकें। अदालत ने अगली सुनवाई से पहले एक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट भी मांगी। इसमें अदालत को बताया जाएगा कि हाउसिंग योजना के तहत कितने परिवार योग्य हैं। वहीं बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुतबिक, सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि हल्द्वानी में रेलवे के विस्तार की वजह से बेदखली का सामना कर रहे लोगों को उसी जगह पर पुनर्वास के लिए जोर देने का कोई अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में नैनीताल, हल्द्वानी के कलेक्टर और रेवेन्यू अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को पीएम आवास योजना के आवेदन फार्म उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि योजना के तहत उनका नामांकन आसान हो सके। सर्वोच्च अदालत ने जिला प्रशासन से योजना से जुड़ी प्रक्रिया को आसानी से लागू करने के लिए लीगल सर्विसेज अथॉरिटी को पूरा सहयोग देने के लिए भी आदेश दिया। याचिका कर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि प्रभावित होने वालों की कुल संख्या 50 हजार है। कम ही लोग प्रधनमंत्री आवास योजना की पात्रता में हैं। शेष परिवारों के पुनर्वास की स्पष्ट व्यवस्था होनी चाहिए। संबंधित भूमि राज्य सरकार की है और 60 से 70 साल से बसे लोगों की बस्तियों के नियमितिकरण पर विचार होना चाहिए। अगली सुनवाई में पुनर्वास, मुआवजा और भूमि स्वामित्व के कानूनी पहलुओं पर चर्चा हो सकती है। अदालत ने उत्तराखंड स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (एसएलएसए) को 18 मार्च से साइट पर पुनर्वास कैंप लगाने को कहा। अथॉरिटी के मेंबर सेक्रेटरी को कैंप शुरू होने के बाद लोकेशन पर मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने उम्मीद जताई कि यह काम 31 मार्च तक पूरा हो जाएगा।

**क्यों बहुचर्चित हुआ हल्द्वानी के बनभूलपुरा का अतिक्रमण ?** जब आप हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर पहुंचते और



उतरते हैं तो पास में मुस्लिम समुदाय की भीड़ समेटे कथित अवैध बसावट वाला एक इलाका देखते होंगे यही है बनभूलपुरा बस्ती । इसकी गफूर बस्ती जिसे ढोलक बस्ती भी कहते है, यहां की बदबू और गंदगी बिना एक पल गंवाए ये एहसास करा देती है कि ये जगह किसी नरक बस्ती से कम नहीं। जहां बाहरी राज्यों से आए हुए लोग सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करते हुए बस्ते चले गए। बनभूलपुरा बस्ती हल्द्वानी के लिए आज ये सबसे बड़ी चिंता बनता जा रहा है, और इसके कई कारण हैं। यह सिर्फ एक थाना क्षेत्र की समस्या नहीं, बल्कि पूरे शहर के लिए एक सुरक्षा, प्रशासन और सामाजिक और जनसांख्यिकी संतुलन का सवाल बन चुका है। सबसे पहले, बनभूलपुरा में अवैध और अनियंत्रित बसावट की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। सरकारी जमीनों पर दशकों से बिना अनुमति घर और दुकानें बनती रही, गलियाँ सिकुड़ती गई, और शहर के नक्शे में गड़बड़ी पैदा हुई। प्रशासन कई बार कार्रवाई करने गया, लेकिन हमेशा मुस्लिम "संवेदनशील इलाका" कहकर पीछे हटना पड़ा। इस वजह से इलाका धीरे-धीरे कानून के दायरे से बाहर लगता गया। स्मरण रहे ये पूरा क्षेत्र कांग्रेस का पुश्तैनी वोट बैंक है। जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर लगातार होती रही है। कांग्रेस के साथ साथ समाजवादी पार्टी ने भी बनभूलपुरा को एक वोटबैंक की तरह इस्तेमाल किया। उत्तराखंड के सबसे ज्यादा अपराध और अपराधियों की पनाह लेने वाला बनभूलपुरा थाना क्षेत्र माना जाता है, खनन तस्करी,लकड़ी चोरी, ड्रग्स, से जुड़े अपराधों के अलावा यहां हर तरह के चोर ,अपराधी पनाह लेते रहे है और पुलिस प्रशासन के लिए सरदर्द बनते रहे है। बनभूलपुरा अब शहर के बाकी हिस्सों से अलग पॉकेट जैसा बन गया है। पुराने रहने वाले मुस्लिम खुद को वहां "अजनबी" महसूस करने लगे हैं। जब किसी इलाके में आबादी का संतुलन बिगड़ता है, तो संवाद कम और असुरक्षा की भावना ज्यादा बढ़ती है। बाहरी राज्यों से आए मुस्लिम लोगों ने यहां के पुराने वाशिंदों को भी असहज किया है।जब तक यहां की आबादी कुछ हजार थी हल्द्वानी में अमन चैन का माहौल था जबसे बाहरी राज्यों के लोगों ने यहां आकर सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण किया तब से यहां हालात बिगड़ते चले गए। तीसरी चिंता प्रशासनिक कमजोरी है। जब कोई भी कदम उठाने से पहले यह सोचना पड़े कि इससे विवाद या हिंसा बढ़ सकती है, तो इलाका धीरे-धीरे "नो-गो जोन" जैसा महसूस होने लगता है। 2024 में अतिक्रमण हटाने की कोशिश के दौरान हुई हिंसा ने यह साफ कर दिया कि अब मामला सिर्फ जमीन का नहीं रहा, बल्कि कानून-व्यवस्था की चुनौती बन गया है। बनभूलपुरा की समस्या पूरे शहर पर मनोवैज्ञानिक असर डाल रही है। लोग डरने लगे हैं कि उनका इलाका सुरक्षित नहीं है और भविष्य में इसी तरह अन्य हिस्सों में भी तनाव फैल सकता है। यह चेतावनी है कि अगर समय रहते धामी सरकार ने अवैध निर्माण, डेमोग्राफिक असंतुलन और प्रशासनिक ढील पर कड़ा कदम नहीं उठाया गया, तो हल्द्वानी जैसे शहरों में स्थिति और गंभीर हो सकती ।बनभूलपुरा रेलवे जमीन पर अवैध बस्ती अतिक्रमण का मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। पुराने रहने वाले मुस्लिम मानते है कि बाहरी क्षेत्रों से आए मुस्लिमों ने यहां अवैध कब्जे किए जिसका खामियाजा उन्हें भी भुगतना पड़ रहा है। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में 24 फरवरी 2026 को हुई सुनवाई में जजों की खंडपीठ ने स्पष्ट कर दिया कि ये सरकारी भूमि पर अतिक्रमण है और इसे हटाया जाएगा। धामी सरकार,रेलवे मंत्रालय और भारत सरकार इस मामले में अपना पक्ष रख चुके है। अतिक्रमण करने वाले भी सलमान खुर्शीद प्रशांत भूषण जैसे बड़े वकील लेकर अपना पक्ष कोर्ट में रख चुके है। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के इस पक्ष को भी माना है कि वो अवैध रूप से कब्जेदार को पात्रता के आधार पर पीएम आवास जैसी योजनाओं का लाभ दे सकती है और जो पात्र नहीं है उन्हें दो हजार रु महीना छ माह तक दे सकती है। रेलवे और राज्यसरकार के वकीलों ने कोर्ट में कहा है कि जो बाहरी राज्यों से आए अतिक्रमण करने वाले लोग है वो अपने राज्य में जाकर आवेदन करे। कोर्ट ने 19 मार्च से 31 मार्च तक जिला विधिक प्राधिकरण और जिला प्रशासन की देखरेख में बनभूलपूरा क्षेत्र में कैंप लगा कर आवास योजना के लाभार्थियों लिए आवेदन लिए जाने और उनका परीक्षण किए जाने को निर्देशित किया है। जिसके लिए जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। सुप्रीम कोर्ट को 19 मार्च के बाद यानि ईद के बाद अपना फैसला सुनाएगा , इसी का इंतजार सभी को है।

# डीएम ने किया निर्माणाधीन एम्स किच्छा का निरीक्षण







किच्छा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने निर्माणाधीन एम्स किच्छा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्माण कार्यो की धीमी गति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए श्रमिकों की संख्या व उपकरण बढ़ाते हुए कार्यो में गति लाकर आगामी माह मई तक चिकित्सालय कार्य पूर्ण करने के निर्देश महाप्रबंधक नागार्जुन कन्सट्रेशन कम्पनी (एनसीसी) शंकर बालू को दिये। उन्होने कहा प्राथमिकता से चिकित्सालय के प्रशासनिक भवन व ओपीडी भवनों को कार्ययोजना बनाते हुए प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिये ताकि शीघ्रता से ओपीडी प्रारम्भ की जा सकें साथ ही उन्होने केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के अभियंता को मेडिकल उपकरणों व फर्नीचर खरीद हेतु फर्मो को आर्डर करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय निर्माण कार्यो के साथ ही इलैक्ट्रीकल व मैकेनिकल कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी को प्रत्येक पाक्षिक कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग करते हुए कार्य प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश मौके पर दिये। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मेडिकल व नर्सिग स्टाफ आवासों का भी निरीक्षण किया। उन्होने कार्यो की गुणवत्ता व सयबद्धता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओ को दियें। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक एनसीसी ने बताया कि चिकित्सालय भवन के दो फ्लोरो का कार्य आगामी माह मई तक पूर्ण कर लिए जायेगें तथा शेष कार्य माह जुलाई तक पूर्ण कर लिए जायेगें। उन्होने बताया कि मेडिकल व नर्सिंग स्टाफ के आवासीय भवनों का कार्य 80 से 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है, शेष कार्य भी शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होने बताया कि एम्स चिकित्सालय के पेंटिंग हेतु कलर की स्वीकृति मिल गयी है। निर्माण कार्य पूर्ण होते ही पेंटिग का कार्य भी प्रारम्भ कर दिया जायेगा। केन्द्रीय लोनिवि के अभियंता ने बताया कि मेडिकल उपकरणों का आर्डर फर्मो को दे दिया गया है तथा फर्नीचर के सैम्पल ले लिए गये है, सैम्पल स्वीकृत होते ही फर्नीचर का आर्डर भी शीघ्र दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने एसटीपी कार्यो में भी गति लाकर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये साथ ही ड्रेनेज कार्य भी अधिशासी अभियंता सिंचाई से मिलकर कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 केके अग्रवाल, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, एजीएम एनसीसी अजौय, प्रबंधक हरिशंकर, अरूण सिंह, सहायक अभियंता सीपीडब्लूडी राकेश पटेल, तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

# 15 हजार की रिश्वत लेते दरोगा को किया गिरफ्तार

## बिजली चोरी में दर्ज मुकदमे को निपटाने के एवज में मांगी थी रिश्वत, एसएसपी ने किया निलंबित

दिनेशपुर। दिनेशपुर थाने में तैनात दारोगा को विजिलेंस ने 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोच लिया। आरोप है कि दारोगा ने बिजली चोरी के



एक मुकदमे को निपटाने की एवज में 15 हजार रुपये की डिमांड की थी। मंगलवार को हल्द्वानी विजिलेंस ने जाल बिछाकर एक दरोगा को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक, 28 जनवरी को ऊर्जा निगम के विजिलेंस टीम के द्वारा श्रीरामपुर निवासी राजेश गोलदार पुत्र निहार गोलदार के खिलाफ बिजली चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसकी विवेचना दरोगा अनवर अहमद कर रहे थे। नामजद श्रीरामपुर निवासी राजेश गोल्दार से मुकदमे में राहत दिलाने के नाम पर दरोगा अनवर अहमद ने 15 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायत मिलने पर हल्द्वानी की सतर्कता पुलिस ने मामले की जांच की और योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। तय योजना के तहत जैसे ही दरोगा ने दिनेशपुर थाने के पूछताछ कक्ष से रिश्वत की रकम ली, टीम ने उसे मौके पर ही रंगे हाथ दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस टीम आरोपी दरोगा को अपने साथ हल्द्वानी स्थित कार्यालय ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की तैयारी की जा रही है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। वहीं एसएसपी अजय गणपति ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से दरोगा अनवर अहमद को निलंबित कर दिया है। एसएसपी ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या संलिप्तता बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक, रिश्वत लेते गिरफ्तार अनवर अहमद दिनेशपुर थाने में पहले एएसआई पद पर तैनात रहे। बाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 24 दिसंबर को प्रमोशन होकर एसआई के पद में पदोन्नति हुई थी।

# संयोजक सुभाष खुराना ने की हिंदू सम्मेलन में पहुंचने की अपील

गदरपुर। हिंदू जागरण, सनातन संस्कृति एवं सामाजिक एकता को नई ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से 28 फरवरी 2026, शनिवार को गदरपुर में "विशाल हिंदू सम्मेलन" का आयोजन किया जा रहा है।



कार्यक्रम का आयोजन सनातन धर्म मंदिर, बुध बाजार, गदरपुर (उधम सिंह नगर) में किया जाएगा। सम्मेलन के संयोजक सुभाष खुराना ने बताया कि कार्यक्रम प्रातः 10 बजे हवन के साथ प्रारंभ होगा। इसके पश्चात 11 बजे सांस्कृतिक प्रस्तुति, दोपहर 12 बजे प्रबुद्ध जनों का उद्बोधन तथा दोपहर 1 बजे समरसता भोज का आयोजन रखा गया है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य समाज में एकता, जागरूकता और संगठन की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहेंगे। संयोजक सुभाष खुराना ने समस्त हिंदू समाज से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम से तैयार होता है अच्छा कार्यकर्ता: महेंद्र भट्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत संभाग वक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे कुमाऊँ जनता पार्टी द्वारा विश्व का सबसे बड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ होने जा रहा है। जिसमे की 07 चरणो में अलग-अलग समूह, पदाधिकारियो, जन प्रतिनिधियों व अन्य जनो को भाजपा की रीति नीति के उत्तराखण्ड में आगामी 2027 में विधनसभा चुनाव होने के कारण भाजपा उत्तराखण्ड को इस प्रशिक्षण अभियान से सर्वोत्तम लाभ प्राप्त होगा।कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री सम्पन्न किया जा रहा है। प्रशिक्षण अभियान में इन 07 विषयो वैचारिक अधिष्ठान, भाजपा का इतिहास एवं विकास, कार्य विस्तार की दृष्टि, कार्य पद्धति, सरकार की उपलब्धियाँ एवं स्वागत करते हुए सभी से पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण अभियान में जुड़ने का आवाहन किया। कार्यशाला का संचालन अभियान के प्रदेश सह-संयोजक प्रदीप बिष्ट व प्रदेश महामंत्री तरूण बंसल ने फकीर राम टम्टा, विधायक सुरेश गडिया, विधायक मोहन सिंह मेहरा, विधायक श्रीमती पार्वती दास, विधायक महेश जीना, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दीपा दर्मवाल, मेयर गजराज सिंह





संभाग के 08 सागठनिक जिलो से 200 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला का उदघाटन प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट द्वारा दीप प्रज्वलन व सामूहिक वन्देमातरम् गान के साथ किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री भट्ट ने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल भारतीय तहत प्रशिक्षित किया जाएगा। पार्टी में नित नये कार्यकर्ता जुड़ते जा रहे है और जिनको समय के साथ आचरण, अनुशासन व समयबद्धता का भाव जागृत करने हेतु ऐसे प्रशिक्षण अभियानों की अहम जरूरत होती है। श्री भट्ट ने कहा कि प्रशिक्षण अभियान से ही एक अच्छे कार्यकर्ता का निर्माण होता है। संगठन अजेय कुमार ने कहा कि आगामी 07 मार्च से 14 अप्रैल तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश के 19 सागठनिक जिलो के समस्त 304 मण्डलों में मण्डल प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किये जाएगे जिसके तहत इन मण्डलो में जाने वाले जिला वक्ताओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण हल्द्वानी में क्रियान्वयन, सोशल मीडिया, एआई, नमो एवं सरल एप, बूथ प्रबन्धक एवं मन की बात पर जिला वक्ताओं द्वारा मण्डल प्रशिक्षण में मण्डल स्तरीय कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश संयोजक कुंदन परिहार ने कुमाऊँ संभाग के आठो जिलो से आए प्रतिभागियो का किया। कार्यशाला का समापन राष्ट्रीय गान के साथ प्रदेश महामंत्री श्रीमती दीप्ति रायत ने किया। कार्यशाला में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक बंशीधर भगत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक बिशन सिंह चुफाल, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, विधायक शिव अरोड़ा, विधायक बिष्ट, मेयर विकास शर्मा, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, दर्जा राज्य मंत्री श्रीमती शांति मेहरा, कौस्तुभानंद जोशी, विकास भगत, प्रदीप जनौटी, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, विनीत अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# देवभूमि मे अब रामद्रोही नजर नहीं आना चाहिए : शिव अरोरा

## विधायक ने की सोशल मीडिया पर भगवान राम माता सीता के लिये अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग

रुद्रपुर। विगत दिनों सोशल मीडिया पर आकाश बाबू नाम के व्यक्ति द्वारा भगवान राम माता सीता के प्रति उपयोग की अभद्र गंदी भाषा के प्रति हिन्दू समाज मे गहरा आक्रोश नजर आया, वही इस गंभीर विषय को लेकर विधायक शिव अरोरा हिन्दू सगठन व भाजपा कार्यकताओ संग ट्रांजिष्ट कैम्प कोतवाली पहुँचे, जहाँ उन्होंने कोतवाल मोहन पाण्डेय से मुलाकात कर इस आक्रोषित करने वाले विषय को अवगत करवाया।विधायक शिव अरोरा बोले देवभूमि उत्तराखंड जहाँ धर्म रक्षित पुष्कर सिंह धामी प्रदेश के मुख्यमंत्री है और रुद्रपुर का विधायक शिव अरोरा है ऐसे मे हमारे यहाँ बाहर से आ कर सिडकुल कम्पनी मे काम करना और हमारे हीं आराध्य प्रभु श्रीराम के प्रति ऐसी घटिया भद्दी और खून खोला देने वाली भाषा का प्रयोग करना करोड़ हिन्दू सनातनियों को ललकार है। विधायक ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए ओर इस विषय पर महौल खराब ना हो उसको लेकर कोतवाल को स्पष्ट निर्देशित किया उस व्यक्ति के खिलाफ ऐसी कठोर कार्रवाई हो जो उसके सात पुश्ते याद रखें और हमारे आराध्य करोड़ों भारतीयों के दिल में विराजमान प्रभु श्री राम के प्रति इस प्रकार की अमर्यादित भाषा प्रयोग करने से पहले कोई दूसरा भी हजार बार सोचे। वही विधायक शिव अरोरा ने जिस कम्पनी मे वह कार्यरत था उसके उच्च अधिकारियों से भी वार्ता कर यह सुनिश्चित करने को कहा उस कंपनी में वह दोबारा घुस ना जाये साथ हीं विधायक ने स्पष्ट संदेश दिया पुलिस यह सुनिश्चित कर ले रुद्रपुर मे वह नजर नहीं आना चाहिए और जो भी उसको काम या रहने को जगह देगा वह भी उतना बड़ा दोषी होगा जितना उस घटिया मानसिकता के व्यक्ति ने ऐसी भाषा बोल अपनी नीच सोच को उजागर करने का कार्य किया। भारत देश प्रभु श्री राम का है और प्रभु श्री राम देश के कण कण में बसते हैं। उनके विधायक होते इस प्रकार के कृत्य करने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा पुलिस उचित कार्रवाई करें वरना लोगों में बहुत आक्रोश है कहीं ऐसा ना हो उनका आक्रोश बाहर आ जाये। इस दौरान गो रक्षा दल जिला महामंत्री राधे सनातनी ने कहा हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ करने का हक किसी को नहीं है जिस भगवान राम के देश मे रहते है उसको गाली देते है ऐसे लोगो के खिलाफ सनातनी हिन्दू एकमत है और पुलिस उसको अगले दो दिन मे ठीक से इलाज करे वरना हमको इलाज करना आता है हम न्यायप्रिय लोग है इसलिए पुलिस उस अभद्र भाषा बोलने वाले का ऐसा इलाज करे जो भविष्य मे कोई ऐसा करने से पहले कई सो बार सोचे। हमारे भगवान को कोई ऐसी अमर्यादित भाषा का प्रयोग करेगा यह कभी बर्दाश्त नहीं होगा। उसका इलाज पुलिस अपने तरह से करे ऐसी हम मांग करते है। इस दौरान बंगाली महासभा प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार शाह, गो रक्षा दल जिला महामंत्री राधे श्रीवास्तव,पार्षद एमपी मौर्य, शिवकुमार गंगवार, राजेंद्र राठौड़, राजा भरद्वाज,शंकर विश्वास, पवन राना, विजय डे,आदेश भारद्वाज, मनोज मदान,मयंक कक्कड़, मानव कक्कड़, रोबिन, गिरीश राठौर, चन्द्रसेन चंदा, बीनू कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



# नेत्रदान व देहदान का संकल्प लेने वाले 7 मार्च को होंगे सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाज में मानवता और सेवा की भावना को सशक्त करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए अनमोल संकल्प सिद्धि फाउंडेशन द्वारा आगामी 7 मार्च को "संकल्प सिद्धि सम्मान समारोह" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम नगर निगम सभागार में अपराह्न 3 बजे से आयोजित होगा। जिसमें नेत्रदान एवं देहदान का संकल्प लेने वाले प्रेरणादायी व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। फाउंडेशन की अध्यक्षा सुचित्रा पंकज जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस विशेष समारोह में समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं के साथ-साथ मानवता की सेवा हेतु नेत्रदान और देहदान का संकल्प लेने वाले नागरिकों को "संकल्प सिद्धि सम्मान" से अलंकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा यह सम्मान एक औपचारिकता नहीं बल्कि समाज को जागरूक करने का प्रयास है, ताकि अधिक से अधिक लोग अंगदान और देहदान जैसे पुनीत कार्यों के लिए आगे आएं।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल उपस्थित रहेंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम के महापौर गजराज सिंह बिष्ट करेंगे। समारोह में विभिन्न सामाजिक संगठनों, चिकित्सकों, शिक्षाविदों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति भी अपेक्षित है।सुचित्रा जायसवाल ने कहा कि नेत्रदान से जहां किसी अंधे व्यक्ति के जीवन में रोशनी लाई जा सकती है, वहीं देहदान चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जरूरत है कि हम केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज के लिए भी सोचें। ऐसे संकल्प समाज को संवेदनशील और जागरूक बनाते हैं। फाउंडेशन की ओर से सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर संकल्प लेने वालों का उत्साहवर्धन करें और स्वयं भी इस मानवीय पहल से जुड़ने पर विचार करें। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव की नींव रखते हैं और सेवा की भावना को नई दिशा देते हैं।



# धूमधाम से निकाली निशान यात्रा

दिनेशपुर (संवाददाता)। दिनेशपुर में श्याम सखी मंडल एवं जय भवानी जागरण कमेटी के तत्वावधान में श्याम दरबार से पूर्व संध्या पर भव्य निशान यात्रा निकाली गई। धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के माहौल में निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। निशान यात्रा वार्ड नंबर तीन स्थित श्याम मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद प्रारंभ हुई। श्रद्धालु हाथों में निशान और ध्वज लेकरभजन-कीर्तन करते हुए नगर के मुख्य मार्गों से गुजरे। यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। पूरा नगर "जय श्री श्याम" के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई श्याम दरबार स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की गई।इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कावल सिंह, दीपक मक्कड़, राजेश नारंग, भोला शर्मा, रवि सरकार, सोनू गोयल और योगेश मिगलानी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया।आयोजकों ने बताया कि श्याम दरबार कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। नगर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है।



# कार्यशाला में जनगणना के विभिन्न पहलुओं पर दिया विस्तृत प्रशिक्षण


रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में जिला सभागार में आयोजित तीन दिवसीय जनगणना- 2027 कार्यशाला प्रारम्भ हुई। कार्यशाला में जनगणना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यशाला में जनगणना अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों, सहायक चार्ज अधिकारियों एवं तकनीकी सहायकों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक संवैधानिक गतिविधि है, जो भारतीय संविधान की संघ सूची के अंतर्गत तथा जनगणना अधिनियम, 1948 के प्रावधानों के अनुसार संचालित की जाती है। उन्होंने कहा कि जनगणना लोकतंत्र की आधारशिला है, क्योंकि इसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के न्यायसंगत वितरण तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में उपयोगी सिद्ध होते हैं, इसलिए जनगणना कार्य को गम्भीरता से लेते हुए सावधानी से त्रुटिहीन किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना-2027 वर्ष 1872 से अब तक की 16वीं तथा स्वतंत्रता के पश्चात 8वीं जनगणना होगी। यह जनगणना दो चरणों में संपन्न की जाएगी। प्रथम चरण में वर्ष 2026 में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी तथा द्वितीय चरण में वर्ष 2027 में जनसंख्या की गणना की जाएगी, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति का विवरण एक निर्धारित संदर्भ तिथि एवं समय के अनुसार दर्ज किया जाएगा। उपनिदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय प्रवीन कुमार ने बताया कि जनगणना- 2027 भारत की पहली ऐसी जनगणना होगी जिसमें आंकड़ों का संकलन पूर्णत: डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। प्रगणकों द्वारा "Census 2027`HLO"नामक विशिष्ट मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से परिवारों से जानकारी संकलित की जाएगी, जिसके लिए वे अपने स्मार्ट फोन का उपयोग करेंगे। इसके अतिरिक्त नागरिकों को एक निर्धारित वेब पोर्टल के माध्यम से स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे स्वयं अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें तथा प्रत्येक प्रावधान, प्रक्रिया एवं तकनीकी पहलुओं को भली-भांति समझें, ताकि जनगणना कार्य शत-प्रतिशत शुद्धता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि यह कार्य राष्ट्रीय महत्व का है और इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए,जो शंका हो उसका समाधान कार्यशाला में ही कर लें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा ,नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, जिला समन्वयक सांख्यिकी अधिकारी दिनेश बिष्ट, विमल प्रजापति सहित समस्त तहसीलदार, ईओ नगर पालिका/नगर पंचायत आदि उपस्थित थे।



जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
05944-246817


उत्तराखण्ड शासन
देवभूमि रजत उत्सव
उत्तराखंड 25
गौरव, विकास और संकल्प का पर्व
विकसित भारत, सशक्त
उत्तराखण्ड
विकास भी
विरासत भी
संकल्प से
शिखर तक
"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड सर्वांगीण विकास की नई मिसाल बन रहा है। स्थानीय उत्पाद, बेहतर कनेक्टिविटी, उद्योग एवं निवेश तथा हर मौसम पर्यटन सहित देवभूमि अपनी अलौकिक विरासत को संजोते हुए विकास के नए आयाम छू रही है।"
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

- केदारनाथ–हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना
- दिल्ली–देहरादून एलिवेटेड रोड निर्माण
- ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन प्रगति पर
- टनकपुर–बागेश्वर रेल सर्वे स्वीकृत
- सौंग व जमरानी बांध परियोजना
- पर्वतीय जिलों में हेली सेवा विस्तार



- ₹3.56 लाख करोड़ निवेश समझौते
- ₹1 लाख करोड़+ ग्राउंडिंग
- अर्थव्यवस्था 26 गुना वृद्धि
- ₹1 लाख करोड़+ वार्षिक बजट
- खुरपिया में स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप
- हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड




- 1 गीगावाट+ सौर ऊर्जा क्षमता
- 42,000+ सोलर रूफटॉप
- वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (सीमांत गांव विकास)
- महक क्रांति व मिलेट्स मिशन



## धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर

- केदारनाथ–बदरीनाथ मास्टर प्लान
- मानसखण्ड मंदिर माला मिशन
- शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ
- 83 हिमालयी चोटियाँ पर्वतारोहण हेतु खुलीं
- संस्कृत ग्राम पहल



## संस्कृति एवं आध्यात्मिक शिक्षा

- गीता अध्ययन पाठ्यक्रम में शामिल
- दून विश्वविद्यालय में हिंदू अध्ययन केन्द्र
- स्पिरिचुअल इकोनॉमिक ज़ोन (गढ़वाल–कुमाऊं)



## बड़े निर्णय

- समान नागरिक संहिता लागू
- सशक्त भू-कानून
- सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून
- नकल विरोधी कानून
- अग्निवीरों को 10% क्षैतिज आरक्षण




## सुशासन

- 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान
- 28,000+ युवाओं को सरकारी नौकरी
- 950+ सेवाएं ऑनलाइन (अपुणि सरकार पोर्टल)
- 12,000 एकड़ भूमि अतिक्रमण मुक्त
- पेंशन योजनाओं में वृद्धि एवं मासिक भुगतान




## नेशनल लेवल रैंकिंग व प्रोत्साहन

- निर्यात तैयारी सूचकांक में प्रथम (छोटे राज्य)
- एसडीजी इंडेक्स में शीर्ष स्थान
- स्टार्टअप रैंकिंग में 'लीडर'
- खनन सुधारों में देश में दूसरा स्थान
- शहरी सुधारों हेतु ₹264.5 करोड़ प्रोत्साहन



## नीतिगत सुधार

- नई फिल्म नीति (50% तक सब्सिडी)
- मिलेट्स नीति (₹134 करोड़ कार्ययोजना)
- कीवी नीति (70% अनुदान)
- ड्रैगन फ्रूट प्रोत्साहन योजना
- महक क्रांति 2026-36
- महिला स्वरोजगार एवं लखपति दीदी योजना




## प्रधानमंत्री जी के नौ आग्रह

**स्थानीय लोगों से:** बोली-भाषा का संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ जल, गांव से जुड़ाव, तिबारी वाले घरों को संवारें

**पर्यटकों से:** प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचें, वोकल फॉर लोकल, यातायात के नियम अपनाएं, तीर्थों की मर्यादा का पालन करें।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# असुरक्षित विमान सेवाएं

झारखंड में चतरा जिले के कर्माटाड जंगल में सोमवार शाम एक चार्टर्ड एअर एंबुलेंस के हादसे का शिकार होने और उसमें सभी सात लोगों की मौत ने एक बार फिर इस सवाल को गहरा किया है कि क्या दिनोंदिन विमान सेवाएं असुरक्षित होती जा रही हैं। गौरतलब है कि एक मरीज और उनके परिजनों को दिल्ली ले जा रही एअर एंबुलेंस मौसम खराब होने की वजह से मार्ग बदलने की कोशिश कर रही थी। मगर थोड़ी देर बाद यह विमान रडार से गायब हो गया और कुछ समय बाद उसका मलबा घने जंगल में मिला। यह हादसा पिछले कुछ समय से लगातार सामने आ रही वैसी घटनाओं की एक कड़ी है, जिनसे विमान यात्रा के पूरी तरह सुरक्षित होने की धारणा कमजोर होती है। झारखंड में हुए हादसे के अगले ही दिन मंगलवार को दिल्ली से लेह जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के कारण वापस उतारना पड़ा। इसके अलावा, सरकारी कंपनी पवन हंस के एक हेलिकाप्टर को अंडमान क्षेत्र में उड़ान के दौरान तकनीकी कारणों से समुद्र में आपात अवस्था में उतारना पड़ा। गनीमत रही कि इसमें सवार सभी सात लोगों को बचा लिया गया। दो दिन के भीतर होने वाली ये घटनाएं बताती हैं कि हाल के वर्षों में यात्रा के एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही विमान सेवा अब कई स्तर पर जोखिम से गुजर रही है। जबकि विमान यात्रा को कहीं आने-जाने का सबसे सुरक्षित जरिया माना जाता रहा है। आखिर क्या वजह है कि पिछले कुछ समय से लगातार विमानों के हादसे का शिकार होने से लेकर उड़ान के बाद तकनीकी खराबी के कारण वापस उतारने की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है? विमान सेवाओं के मामले में एक आम स्थिति यह है कि समय-समय पर तकनीकी स्तर पर हर पहलू से उच्च स्तरीय जांच होती है और हर कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही उसे उड़ान के लिए तैयार माना जाता है। हर उड़ान के पहले सुरक्षा जांच की एक सघन प्रक्रिया पूरी की जाती है, ताकि बीच रास्ते में कोई अड़चन न आए। मगर हाल के समय में कई विमानों की उड़ान के बाद रास्ते में तकनीकी खराबी का पता चलने पर वापस उतारने की घटनाएं यह बताती हैं कि या तो तकनीकी स्तर पर उसमें कोई खराबी थी या फिर सुरक्षा जांच में किसी स्तर पर कमी की गई। इसी महीने के शुरू में सरकार ने लोकसभा में बताया था कि भारतीय विमान सेवा के जिन विमानों की तकनीकी जांच हुई, उनमें से लगभग आधे में बार-बार खराबी पाई गई। इस क्रम में पिछले वर्ष जनवरी से छह बड़ी एअरलाइंस के 754 विमानों का विश्लेषण किया गया, जिनमें से 377 में बार-बार खामी आने की बात सामने आई।

# कोली समाज बसता है मेरे दिल में : बेहड़

## कोली समाज ने किया विधायक बेहड़ का सम्मान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व स्वास्थ मंत्री एवं किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ का रम्पुरा बस्ती मे कोली समाज के प्रति निस्वार्थ स्नेहभाव और प्रेम को देखते हुए अखिल भारतीय युवा कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मतराम कोली के नेतृत्व में कोली समाज के सैकड़ों लोगों ने सम्मान में फूलो प्रत्यारोप ने राजनीति का स्तर गिरा दिया है। उन्होंने कहा कुछ लोग जानबूझकर बेहड का नाम लेकर कोस रहे है जिससे की अपने आकाओ को खुश कर रहे हैं जो की बहुत गलत है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कोली समाज के सैकड़ों लोगों पर लगे चूड़ामणि वाले झूठे मुकदमे लिखे गए थे तब बेहड ने ही झूठे मुकदमे हटवाये थे। स्वास्थ का लाभ मिल रहा है। उन्होंने हमेशा सभी व्यक्तियों का सम्मान किया है। मगर वर्तमान समय में कुछ लोग उनका नाम लेकर अपने आकाओ को खुश कर रहे हैं।बेहड ने कहा कि नगर निगम चुनाव के समय स्वर्गीय बंटी कोली के निधन के पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री रम्पुरा बस्ती में नहीं आए थे तब रम्पुरा के सेकड़ो लोग बहुत के निवर्तमान अध्यक्ष दर्शन कोली ने कहा कि तिलक राज बेहड आज भी कोली समाज के साथ साथ सभी जाति वर्गों और हर समाज का साथ देते हैं और आज समाज को बेहड की बहुत जरूरत है। इस मौके पर निवर्तमान चेयरमैन दर्शन कोली, पार्षद राजू कोली, सियाराम कोली, बनारसी दास कोली, कुंवर पाल कोली, राकेश कोली,




की वर्षा कर फूल मालाओं से भव्य स्वागत कर मिष्ठान वितरित किया। इस मौके पर कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मतराम कोली ने कहा कि तिलकराज बेहड़ ने निस्वार्थभाव से हमेशा कोली समाज को सम्मान दिया है और हर संभव सहायता भी की है। रम्पुरा सहित अनेकों बस्तियों में पेयजल योजना, रामलीला मंचों का निर्माण, सामुदायिक भवनो का निर्माण, बिजली की लाइनों का सुधारीकरण, स्कूलों का उच्चीकारण सहित अनेकों विकास कार्य किए जिससे रुद्रपुर का नाम देश के मानचित्र पर अंकित हुआ। मगर वर्तमान में जातिवाद, धर्म व व्यक्तिगत आरोप जिससे कोली समाज को राहत मिली,रम्पुरा में गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए विद्यालयों और गरीब परिवारों विवाह के लिए धर्मशालाओं का निर्माण भी कराया है। उन्होंने कहा श्री बेहड़ ने निस्वार्थ कोली समाज के लोगों को चेयरमैन और ब्लॉक प्रमुख जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर निर्वाचित कराया। यह समाज के लिए गौरव की बात है। सभा को संबोधित करते हुए किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि रुद्रपुर में मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सिडकुल, झील, बेटियों को इंटर कॉलेज लेकर आए जिससे जनता को रोजगार के नए अवसर के साथ-साथ शिक्षा और आक्रोषित हो गए थे। उस समय पार्टी के जनप्रतिनिधि रम्पुरा बस्ती में आने से घबरा रहे थे मगर उन्होंने स्वयं रम्पुरा बस्ती में पहुंचकर आक्रोषित सेकड़ो लोगों को समझाबुझा कर शांत किया था। बेहड ने राजनीति के गिरते स्तर पर कहा की वर्तमान समय में कुछ नए लोग राजनीति में आ गए हैं जो छोटे बड़ों का सम्मान नहीं करते हैं सिर्फ और सिर्फ अहंकार में डूबकर अपने आकाओ को खुश करने के लिए कुछ भी बयानबाजी करते रहते है व उनका पुतला फूककर सस्ती लोकप्रियता अपनाना चाहते हैं। मगर वह उन पुतला फूकने वालों का भी सम्मान करते हैं। किच्छा नगर पालिका रामावतार कोली शर्मा, हरिराम कोली, वीरेंद्र कोली, सुभाष कोली, मुकेश कोली, राहुल कोली, राजाराम कोली, यादराम कोली, महेश कोली, छोटे लाल कोली, हरीश कोली, सोनू कोली, जितेंद्र कोली, दीपक कोली, त्रिजीत कोली, अजय कोली, कांति कोली, बिटौला कोली, रूपन कोली, प्रेमा कोली, कमला देवी, माला देवी, रुपदेवी, किरन, प्रेमवती, हरदई सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मोहन खेड़ा,व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, साहब सिंह, पार्षद सौरभ शर्मा, गौरव खुराना, इंद्रजीत सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# खेल महोत्सव में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

पंतनगर। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के स्टीवेंसन स्टेडियम में आयोजित उत्तराखंड राज्य अंतर-विश्वविद्यालय खेल एवं क्रीड़ा महोत्सव 2025-26 के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा की भावना प्रथम, नीतू चंद्रा द्वितीय और उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार की रिया पाल तृतीय स्थान पर रहीं। 5000 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के सौरभ रावत ने प्रथम, सोबन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल की शिमरन तृतीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद पुरुष वर्ग में उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून के अविश सैनी प्रथम, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के दीपक चंद्र द्वितीय और रहीं। प्रतियोगिता के विजेताओं को विश्वविद्यालय की कुलसचिव डा. दीपा विनय, निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण श्री बी.एस. चलाल, अधिश्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, निदेशक संचार डा. जे.पी. जायसवाल, प्राध्यापक




खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शॉटपुट पुरुष वर्ग में उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के योगेश संडल ने प्रथम; सोबन सिंह जीना विश्व विद्यालय, अल्मोड़ा के मोहित द्वितीय तथा श्रीदेव सुमन विश्व विद्यालय, टिहरी गढ़वाल के आदर्श चंद्र तृतीय स्थान पर रहे वहीं महिला वर्ग में सोबन सिंह जीना सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के पंकज सिंह बोरा द्वितीय तथा श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी गढ़वाल के मोहित तृतीय स्थान पर रहे वहीं महिला वर्ग में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा की सोनी प्रथम, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार की मनीषा द्वितीय तथा श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के आकाश चौहान तृतीय स्थान पर रहे वहीं महिला वर्ग में उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार की पूजा रावत प्रथम, सोबन सिंह जीना विश्व विद्यालय, अल्मोड़ा की लक्ष्मी रावत द्वितीय तथा कुमाऊँ विश्व विद्यालय, नैनीताल की कोमल राय तृतीय स्थान पर डा. एन.के. सिंह तथा कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कोच श्री नागेन्द्र शर्मा ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. जी.एस. बोरा, डा. पूनम त्यागी, डा. राजीव रंजन, डा. भास्कर तिवारी, डा. पारस, श्री प्रभाकर जोशी एवं चीफ रेफरी श्री रमेश खरकवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मुस्लिम युवक पर नाम बदलकर लव जिहाद की कोशिश का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बजरंगदल के एक कार्यकर्ता ने मुस्लिम समाज के युवक पर हिन्दू नाम रखकर फेसबुक पर आई चलाकर हिन्दू महिलाओं को मैसेज भेजकर लव जिहाद की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए ट्रांजिट कैम्प कोतवाली में दर्ज कराई है। दर्ज रपट में जोगेन्द्र सिंह पुत्र राम प्रसाद सिंह निवासी वार्ड न0-37, रविन्द्र नगर, आवास विकास ने कहा है कि वह विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का कार्यकर्ता है। हमारे संज्ञान में आया है कि एक मुस्लिम धर्म का युवक मो. शहनवाज जो वर्तमान समय में मीसो के ऑफिस आवास विकास में काम करता है, उसके द्वारा फेसबुक (सोशल मीडिया प्लेटफार्म) पर प्रेम प्रताप सिंह के नाम से फेसबुक आईडी चला रहा है, जो कि हिन्दू पहचान है। आरोप है इसके द्वारा अपनी प्रोफाईल फोटो पर भी महिलाओं को बरगलाने के लिये राधा कृष्ण की फोटो लगा रखी है और इस झूठी पहचान के आधार पर हिन्दू धर्म से जुडी महिलाओं को फेसबुक मैसेन्जर के माध्यम से मैसेज भेजकर प्रलोभन देकर बरगला रहा है। इसके द्वारा लव जिहाद की कोशिश की जा रही है। कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मेले में गये युवक को घेरकर पीटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता। संजयनगर खेड़ा में शिव मंदिर मेले में गये एक युवक को कुछ युवकों ने घेर कर उसे बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है।दर्ज रपट में चमन कुमार पुत्र जगदीश कुमार निवासी शन्ति विहार ने कहा है कि 16 फरवरी को रात्रि वहं संजय नगर खेडा शिव मंदिर मेले में गया था।मेले में कन्हईया , केसू , राज, शंकर, सुमित गंठा ने उसे घेर लिया और गाली गलौच करने लगे। जिसका विरोध करने पर उसे बुरी तरह लातो घूसो, बेल्टो, पत्थरो, कडों से मारा पीटा। जिससे वह बेहोश हो गया। दोस्तो द्वारा उसे वहा से लेकर आया गया। आरोप है हमलावरों ने उसे व उसके छोटे भाई विशाल को जान से मारने की धमकी दी है।

# श्री ओम बापू मंदिर के 39वें महायज्ञ/संत सम्मेलन का शुभारंभ

गदरपुर। ओम बापू मंदिर में पूज्यनीय गुरु मां मिथलेश जी के पावन सानिध्य में 39वां महायज्ञ एवं संत सम्मेलन का भव्य शुभारंभ मंगलवार को श्रद्धा भावना एवं उल्लास के साथ हुआ। प्रात: 9:00 बजे श्री रामचरितमानस जी के पाठ एवं कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर प्रांगण से किया गया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं



ने भाग लिया। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त रहा। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा आगंतुकों के ठहरने एवं भोजन के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। संत सम्मेलन के अंतर्गत विभिन्न संत-महात्माओं के प्रेरणादायी प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन संत श्री कल्याण दास जी सेवा समिति, गदरपुर द्वारा किया जा रहा है। पदाधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है। इस अवसर पर अध्यक्ष बंशीधर गुम्बर,आशु गुम्बर,मदन गुम्बर,कृष्ण लाल अनेजा, अशोक भुड्डी,गुलशन आदि मौजूद रहे।

# मारपीट के विरोध में किया प्रदर्शन

रामनगर। कुछ दिन पूर्व देहरादून में प्रारंभिक शिक्षा निदेशक के कार्यालय में की गई तोड़फोड़ एवं मारपीट के विरोध में बुधवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में तहसील परिसर में प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम गोपाल चौहान के माध्यम से एक ज्ञापन राज्यपाल को प्रेषित किया। पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि आज डबल इंजन की सरकार में



प्रदेश के अंदर गुंडाराज कायम हो गया है तथा पुलिस केवल उगाई में लगी हुई है जिसके कारण अपराधियों में पुलिस का खौफ समाप्त हो गया है उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज कायम किया जाए तथा घटना में दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में उक्त घटना के साथ ही महिला अपराध एवं अन्य अपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है जिसमें अधिकांश घटनाओं में भाजपा के कार्यकर्ताओं की भूमिका के तथ्य सामने आए हैं उन्होंने इस मामले में कार्रवाई न होने पर कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश व्यापी आंदोलन करेंगे जिसमें सचिवालय तक का घेराव किया जाएगा।

# इंस्टाग्राम पर न्यूड वीडियो अपलोड करने के दो अभियुक्त गिरफ्तार

काशीपुर। आईटीआई थाना पुलिस ने नाबालिक लड़की की न्यूड वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड किए जाने के मामले में दो शरारती तत्वों को गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें जेल रवाना कर दिया। बीते दिवस बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ता आईटीआई थाने पहुंच गए। उन्होंने पुलिस को बताया कि ग्राम गंगुवाला जसपुर निवासी अभिषेक पुत्र कुंवर चंद्र व नारायणपुर जयपुर निवासी जीशान अली पुत्र साबिर हुसैन एक



नाबालिक लड़की की न्यूड वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर उसे बदनाम कर रहे हैं। पुलिस ने तत्काल मामले को गंभीरता से लेते हुए उपरोक्त दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में नामजद अभियोग पंजीकृत कर सुरागरसी पतरसी के आधार पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक आईटीआई रवि कुमार के अलावा उप निरीक्षक मीनाक्षी मंडल, मनोज सिंह धोनी कांस्टेबल धर्मेंद्र भारती व अमित राणा शामिल रहे।

# नमाजी से मारपीट पर मुस्लिम समाज में रोष

गदरपुर। रुद्रपुर क्षेत्र में नमाज अदा कर रहे एक युवक के साथ कथित मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है। घटना के विरोध में मुस्लिम समाज के लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि मारपीट करने वाले युवक की पहचान अरविंद शर्मा के रूप में हुई है। इस मामले में थाना पंतनगर में अरविंद शर्मा व अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। घटना के विरोध में गदरपुर के मुस्लिम समाज के लोगों ने कोतवाली पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि धार्मिक आस्थाओं से जुड़े मामलों में इस प्रकार की घटनाएं समाज में आपसी सौहार्द को प्रभावित करती हैं। इस दौरान फैजान खान ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए और किसी भी व्यक्ति को अपनी इबादत या पूजा-पाठ के दौरान भय का सामना नहीं करना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष और सख्त कार्रवाई की मांग की। शाकिर




अली ने कहा कि क्षेत्र में भाईचारा और शांति बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द कानून के तहत सजा दी जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता से जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। ज्ञापन देने वालो में शाहेरूम (टोनी पठान),मुजम्मिल,मो.अशरफ,फरमान, सागर, यासीन, शाहरुख, अरमान, आसिफ, रिजवान कुरैशी, रहमान, फईम, नौशाद,जाने अली मौजूद रहे।

# हिंदू समाज को एकजुट होने का किया आह्वान

गदरपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौरवशाली 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को गदरपुर के आवास विकास स्थित डॉ. हेडगेवार पार्क में 'सकल हिंदू समाज' के तत्वावधान में एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गदरपुर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से सैंकड़ों श्रद्धालुओं, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर



सांस्कृतिक एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा की गरिमामयी उपस्थिति रही। गुंजन सुखीजा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सम्मेलन समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं और राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता सहारनपुर के प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य देशमुख वशिष्ठ,ब्रह्मकुमारी संस्थान से ज्योति बहन,एकल विद्यालय के क्षेत्र संगठन मंत्री अरविंद एवं भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भव्य हवन-यज्ञ संपन्न हुआ,जिसमें उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्र की सुख-समृद्धि और सामाजिक समरसता की कामना की। सम्मेलन में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय कलाकारों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। मुख्य वक्ता आचार्य देशमुख वशिष्ठ ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि संगठित समाज ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। गुंजन सुखीजा ने अपने संबोधन में सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता और युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि जब समाज के सभी वर्ग एकजुट होकर कार्य करेंगे,तभी एक शक्तिशाली और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव होगा। किस दौरान पालिकाध्यक्ष मनोज कुमार,पूर्व पालिकाध्यक्ष अंजू भुड्डी, सुभाष गुंबर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण की हुई भूमि से कब्जा स्वयं हटाएं विधायक : भुल्लर

गदरपुर। गदरपुर में विधायक के कैंप कार्यालय पर कथित अतिक्रमण को लेकर सियासत गर्म हो रही है। मामले में अरविंद पांडेय पर प्रशासनिक नोटिस की चर्चा के बीच युवक कांग्रेस ने तीखा हमला बोला है। सुमित्तर भुल्लर ने बयान जारी कर कहा कि यदि प्रशासन ने नोटिस दिया है तो उसका सम्मान करते हुए विधायक को स्वयं अतिक्रमण हटाकर मिसाल पेश करनी चाहिए। भुल्लर ने कहा



कि जनप्रतिनिधि कानून से ऊपर नहीं होते। जब आम नागरिकों से नियमों के पालन की अपेक्षा की जाती है, तो चुने हुए प्रतिनिधियों को आगे बढ़कर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने पूर्व में लगे कई जमीनी कब्जे के आरोपों का जिक्र करते हुए भी स्पष्टता की मांग की और कहा कि पारदर्शिता ही लोकतांत्रिक व्यवस्था की असली ताकत है। युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कटाक्ष करते हुए जोड़ा, "कानून सबके लिए समान है चाहे वह आम आदमी हो या विधायक। नोटिस को औपचारिक कागज न समझा जाए,बल्कि जवाबदेही का दस्तावेज माना जाए।" गदरपुर की राजनीति में इस मुद्दे ने नई बहस छेड़ दी है। अब निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई और विधायक की प्रतिक्रिया पर टिकी हैं। क्या नोटिस पर अमल होगा या बयानबाजी ही चलती रहेगी, यह आने वाले दिनों में साफ हो जाएगा।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने कई प्रतिष्ठानों से लिए नमूने

गदरपुर। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा नगर क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जांच के लिए सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी ललित मोहन पांडे एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्य ने टीम के साथ विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अशोका स्वीट,



कांडपाल स्वीट, निरंकार डेयरी तथा इंडियन बेकरी का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान दूध, गुजिया, रसभरी, घी आदि खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। अधिकारियों ने प्रतिष्ठान संचालकों को स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए तथा बिना लाइसेंस संचालित इकाइयों को शीघ्र खाद्य लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कहा। टीम ने साफ-सफाई, भंडारण व्यवस्था एवं गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया और चेतावनी दी कि मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग की इस कार्रवाई से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति देखी गई। विभाग ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

# कांग्रेस नगर अध्यक्ष ने प्रशासन की कार्यशैली पर उठाये सवाल

गदरपुर। अतिक्रमण के मुद्दे पर नगर की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी ने वर्तमान विधायक अरविंद पांडे को अतिक्रमण को लेकर दिए गए नोटिस पर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। सिद्धार्थ भुसरी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि प्रशासन द्वारा विधायक को अतिक्रमण हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासन को स्वयं कार्रवाई करनी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया कि यह मामला आपसी मिलीभगत का प्रतीत होता है और इसमें राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा, "क्या प्रशासन इतना लाचार हो गया है कि वह



कार्रवाई नहीं कर सकता? अगर प्रशासन स्वयं अतिक्रमण नहीं हटा पा रहा है तो कांग्रेस पार्टी से कहे, हम मदद करने को तैयार हैं।" उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या विधायक के लिए कानून अलग है और आम जनता के लिए अलग? भुसरी ने मांग की कि प्रशासन जल्द से जल्द संबंधित अतिक्रमण को हटाए। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी नगर में जहां-जहां अतिक्रमण हुआ, प्रशासन ने स्वयं कार्रवाई कर उसे हटाया है, फिर इस मामले में देरी क्यों की जा रही है। इस बयान के बाद नगर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है और लोगों की नजर अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है।

## पेज एक का शेष...

**हत्याकांड से दहली...**अनीता (30 वर्ष), पति मुंचन केवट, और उनकी तीन बेटियों (उम्र तीन, चार और पांच वर्ष) के रूप में हुई है। अनीता और उसकी बेटियां बिहार के पटना जिले की मूल निवासी थीं। परिवार दिल्ली के आजादपुर मंडी में सब्जी बेचने वाले मुंचन के साथ इसी पते पर रह रहा था। पुलिस की प्रारंभिक जांच में अनीता का पति मुंचन केवट घटना के बाद से ही फरार है और उसे इस जघन्य हत्याकांड का मुख्य संदिग्ध माना जा रहा है। पड़ोसियों ने सुबह घर का दरवाजा खुला देखकर और किसी भी हलचल न होने पर पुलिस को सूचित किया था। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटनास्थल को सील कर दिया गया है और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर सबूत जुटाए जा रहे हैं। फरार आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी पति के बारे में कोई सुराग मिल सके। पुलिस का कहना है कि आरोपी पति को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**उधमसिंहनगर और पिथौरागढ़...**क्षेत्र पंचायत सदस्य अकील अहमद, क्षेत्र पंचायत सदस्य आरकीन, पिथौरागढ़ से सदस्यता ग्रहण करने वाले प्रमुख जनो में ब्लाक प्रमुख बेरीनाग संगीता चन्याल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ भीम कुमार, राज्य आंदोलन कारी श्री गोबिन्द महर (गोपू), ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार, रविन्द्र कुमार चन्तोला सहित अनेको जन सम्मलित रहे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री श्री तरूण बंसल, जिलाध्यक्ष नैनीताल श्री प्रताप सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष पिथौरागढ़ गिरीश जोशी, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, प्रदेश प्रवक्ता मथुरा दत्त जोशी, दर्जा राज्य मंत्री नारायण राम आर्या, दर्जा राज्य मंत्रीसुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, नवीन वर्मा, जिला महामंत्री रंजन बर्गाली, विनीत अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा, मण्डल अध्यक्ष हल्द्वानी मधुकर क्षेत्रिय सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**सड़क हादसे में ...** जिससेपरिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने परिजनों से आवश्यक जानकारी लेकर शव अपने कब्जें में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक अभिषेक तीन भाईयों में सबसे छोटा था। उसकी एक बहन है। पिता बंटीलाल हलवाई का काम करते हैं अभिषेक उनके काम में हाथ बंटाता था।

**नशीले इंजेक्शनों ...**आरोपी ने बताया कि वह ये इंजेक्शन बहेड़ी फाटक बरेली निवासी एक व्यक्ति से खरीदकर लाया था। पुलिस ने इस खुलासे के बाद मामले में धारा 29 एनडीपीएस एक्ट की बढ़ोतरी करते हुए सप्लायर के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज है, जिससे उसके नशा तस्करी से जुड़े होने की पुष्टि होती है।

**नमाजी के साथ...**वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई और बड़ी संख्या में लोग सिडकुल चौकी पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा शांति बनाए रखने की अपील की है।

**रेप पीड़िता के आरोपों...**मीडिया में जमकर ट्रेंड कर रही है। जिसके चलते पुलिस महकमें की अच्छी खासी किरकिरी तो हो ही रही है, साथ ही साथ पुलिस विभाग की कार्य पद्धति के कारण केंद्र एवं राज्य सरकार का महिला सम्मान एवं सुरक्षा का दावा भी खोखला साबित हो रहा है।

# पुलिस ने आठ वारंटियों को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी अजय गणपति के निर्देश पर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में गैर जमानती वारंटियों की शत-प्रतिशत तामीली हेतु सघन अभियान चलाया गया। पुलिस प्रशासन ने अपराधियों के खिलाफ कड़ीकार्रवाई करते हुए कोतवाली काशीपुर पुलिस द्वारा 04 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया जिनमें सुभाष चन्द्र, शुएब उर्फ मो. अलीम, असित चतुर्वेदी व जुनैद शामिल हैं। वहीं कोतवाली ट्रांजिट कैम्प पुलिस द्वारा 02 वारंटियों को



गिरफ्तार किया गया जिनमें राजेश सिंह व उत्तम राय शामिल हैं। जबकि कोतवाली कुंडा पुलिस द्वारा 02 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। जिनमें प्रेमलता व मो. यासीन शामिल हैं। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

# निशुल्क कंपोस्ट वितरण कल

काशीपुर। 26 फरवरी को यानि कल नगर निगम परिसर में निःशुल्क कम्पोस्ट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को गीले कचरे से कम्पोस्ट बनाने और उसके उपयोग के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से नगर निगम काशीपुर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना चाहता है। कार्यक्रम में लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग करने की जानकारी दी जाएगी, जिससे वे अपने घरों में ही कचरे को सही तरीके से प्रबंधित कर सकें। इसके साथ ही घर पर ही सरल तरीके से कम्पोस्ट बनाने की विधि भी समझाई जाएगी, ताकि लोग अपने गीले कचरे को उपयोगी खाद में बदलकर उसका उपयोग अपने बगीचे और पौधों के लिए कर सकें। कार्यक्रम के दौरान तैयार कम्पोस्ट का वितरण भी किया जाएगा, जिससे नागरिकों को कम्पोस्ट के उपयोग के लाभों का प्रत्यक्ष अनुभव हो सके।

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SHAMA BEE से बदलकर SHAMA BEGAM रख लिया है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। शमा बी SHAMA BEE व शमा बेगम SHAMA BEGAM दोनों मेरे ही नाम हैं।

शमा बेगम पत्नी वारिद खान निवासी-वार्ड नं.20, सिरौलीकलां, किच्छा, उधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

# दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र वितरित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद शाखा हल्द्वानी द्वारा दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन चार धाम मंदिर, फतेहपुर रोड, लामाचौड़ में किया गया। शिविर में तीन दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र शाखा की ओर से प्रदान किये गए। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज,




अध्यक्ष दीपक बक्शी, पूर्व पंचायत सदस्य गौरव मेहरा, चार धाम मंदिर कमेटी अध्यक्ष संजय निगलतिया, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, सचिन डॉ निधि अग्रवाल, डॉ अभिषेक मित्तल, मनीष अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

संस्थापक- स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड) से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रुद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सनातन संस्कृति भारत की आत्मा : नारायण चैतन्य







रुद्रपुर। "संघ शक्ति कलयुगे" के उद्घोष के साथ दशमेश पार्क, आवास विकास में विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य एवं अनुशासित आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वीर सावरकर सनातन एकता समिति के तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता, राष्ट्रभाव, संगठन शक्ति तथा हिंदू समाज की भूमिका पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वनवासी कन्या छात्रावास की बालिकाओं द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से हुआ। इसके पश्चात बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं प्रेरणादायी बना दिया। सम्मेलन में मातृशक्ति की बड़ी संख्या में उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। सम्मेलन के मुख्य वक्ता परम पूज्य स्वामी श्री नारायण चैतन्य जी महाराज ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि सनातन संस्कृति भारत की आत्मा है। जब समाज अपने मूल्यों, संस्कारों और परंपराओं के प्रति सजग रहता है, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है। उन्होंने सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिष्ठा को जीवन का मूल मंत्र बताया। मुख्य अतिथि डॉ. हरीश जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ ने समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ते हुए सेवा, संस्कार और संगठन के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण का निरंतर कार्य किया है। उन्होंने संघ द्वारा प्रतिपादित "पंच परिवर्तन" की अवधारणा को विस्तार से समझाया। सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी का आग्रह तथा नागरिक कर्तव्य इन पाँच बिंदुओं को समाज सशक्तिकरण और राष्ट्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। डॉ. हरीश जी ने राम मंदिर निर्माण को हिंदू समाज के त्याग, तपस्या और संगठित प्रयास का प्रतीक बताते हुए कहा कि जब समाज एकजुट होकर लक्ष्य की दिशा में कार्य करता है, तो दशकों का संघर्ष भी सफलता में परिवर्तित हो जाता है। उन्होंने मतभेद भुलाकर राष्ट्रहित में संगठित रूप से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओम प्रकाश बांगा ने की। उन्होंने सभी अतिथियों, वक्ताओं, आयोजकों एवं दूर-दराज से आए आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए समाज में समन्वय एवं एकता बनाए रखने का संदेश दिया। सम्मेलन में सीरवी समाज सहित विभिन्न समाजों के सैकड़ों गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन रमाकांत जी ने किया। अंत में सहभोज का आयोजन हुआ, जिसमें सभी ने समरसता और सौहार्द के भाव से सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला संघचालक अशोक जायसवाल, नगर संघचालक लक्ष्मी नारायण, जिला कार्यवाह समरपाल, महापौर विकास शर्मा, विधायक शिव अरोड़ा, जिला सह कार्यवाह बरीत सिंह, मनीष अग्रवाल, शशांक गुप्ता, अभि अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, भारत भूषण चुग, राजेश जग्गा, अनिल गुप्ता, नितेश गुप्ता, अगम अग्रवाल, शिवम अरोड़ा, कीर्ति निधि शर्मा, राजेश अरोड़ा, अग्रिम, ओगड़ राम, मोहन लाल, साजाराम, वोरा राम, डायाराम, राजकुमार खनिजों, धीरेन्द्र भट्ट, नीलकंठ राणा, मानस जायसवाल, मदन अग्रवाल, राहुल तिवारी, आदित्य, कमलेश बिष्ट, अन्नपूर्णा गुप्ता, अंजू सिंह, अंजली सक्सेना, रीना जग्गा, स्वाति गुप्ता, ओमवती शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक, मातृशक्ति एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।






# छात्राओं को अत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रेरित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के निर्देशन में पुलिस द्वारा "पुलिस आपके द्वार" अभियान चलाया गया। जिसमें कार्यक्रम मेंकरियर काउंसलिंग के माध्यम से छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया गया। जसपुर क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम के तहत कोतवाली पालन के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं को गौरा शक्ति एप, डायल 112 एवं अन्य महत्वपूर्ण टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर अध्यापिकाओं एवं छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम, नशा मुक्ति अभियान तथा डायल 112 सहित





जसपुर व काशीपुर में छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध व नशा मुक्ति पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही गौरा शक्ति एप, डायल 112 व अन्य हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी दी गई। जसपुर पुलिस टीम द्वारा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज जसपुर में छात्राओं को करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इसके साथ ही उन्हें महिला संबंध ी बढ़ते अपराध, साइबर अपराध, बाल विवाह, बच्चों से संबंधित अपराध, नशे के दुष्परिणाम एवं यातायात नियमों के आपात स्थिति में तत्काल सहायता के लिए जागरूक किया गया। जबकि काशीपुर क्षेत्र में इसी क्रम में कोतवाली काशीपुर पुलिस टीम द्वारारियान इंटरनेशनल स्कूल खालिक कॉलोनी काशीपुर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अन्य आपातकालीन सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। जनपद पुलिस द्वारा छात्राओं को आत्मविश्वास, सजगता एवं कानूनी अधि कारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की बात कही गई।

# थाना दिवस पर एसपी सिटी ने सुनी जन समस्याएं

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली में आज बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी ने शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित हल्का इंचार्ज को समस्याओं का समाधान के निर्देश दिए। थाना दिवस में लगभग एक दर्जन से अधिक लोग पहुंचे। जिन्होंने अपने क्षेत्रों में अपराध ों पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने, नशे के खिलाफ व्यापक स्तर



पर अभियान चलाने, यातायात व्यवस्था में बाधक बनने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने, महिलाओं की सम्मान की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने, फरियादियों के प्रार्थना पत्रों पर शीघ्र कार्रवाई करने, बाहरी लोगों का सत्यापन कर आपराधि क गतिविधियों में लिप्त लोगों की पहचान कर उन्हें जिले से बाहर खदेड़ने सहित अन्य कई मांगों को रखा। इस मौके पर प्रमुख रूप से पर सीओ सिटी प्रशांत कुमार, एसएसआई केसी आर्या, एसआई बीएस बचकोटी, एसआई संतोष खरवार आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान जारी ,अब तक 155 वाहनों का चालान , 82 वाहन सीज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेशानुसार पुलिस द्वारा संपूर्ण जनपद में ओवरलोडिंग के विरुद्ध वृहद स्तर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कोतवाली जसपुर द्वारा ओवरलोडिंग के विरुद्ध कुल 03 चालान किए गए जिनमें 01 वाहन सीज और 02 मामले कोर्ट भेजे गए। कोतवाली कुंडा द्वारा सबसे अधिक 33 चालान ओवरलोडिंग में किए। इसमें 27 मामले कोर्ट भेजे गए। कोतवाली काशीपुर द्वारा ओवरलोडिंग में 01 वाहन सीज किया गया।कोतवाली बाजपुर द्वारा ओवरलोडिंग के विरुद्ध 03 वाहन सीज किए गए।थाना केलाखेड़ा द्वारा ओवरलोडिंग में 02 वाहन सीज किए गए। थाना दिनेशपुरद्वारा ओवरलोडिंग में 02 कोर्ट चालान हुए। ओवर-स्पीड में 02 चालान किए गए । कोतवाली पंतनगर द्वारा ओवरलोडिंग के विरुद्ध 05 वाहन सीज किए गए। कोतवाली किच्छा द्वारा ओवरलोडिंग में 09 चालान किये गये जिनमें 03 सीज, 06 कोर्ट चालान शामिल हैं।। ओवर स्पीड में 01 वाहन सीज किया गया। थाना पुलभट्टा द्वारा ओवरलोडिंग में 02 वाहन व ओवर-स्पीड में 01 वाहन सीजकिया गया। यहाँ 01 वाहन ओवर-हाइट (अधिक ऊँचाई) में भी सीज हुआ। कोतवाली सितारगंज द्वारा ओवरलोडिंग के विरुद्ध 02 वाहन सीज किए गए। कोतवाली खटीमाद्वारा ओवरलोडिंग में 03 वाहन सीज किए गए। यातायात पुलिस रुद्रपुर द्वारा ओवरलोडिंग के विरुद्ध 03 कोर्ट चालान किए गए। यातायात पुलिस काशीपुर द्वारा ओवरलोडिंग में 01 कोर्ट चालान और ओवर-स्पीड में 02 चालान किए गए। अभियान के दौरान कुल ट्रक/डंपर ओवरलोडिंग में 74 चालान किए, 22 वाहनों को सीज किया , 44 चालान कोर्ट भेजे गए , ओवर-स्पीड में 06 चालान किए गए, ओवरस्पीड में 02 वाहन सीज किए गए, ओवर-हाइट में 02 वाहन सीज किये गये। एसएसपी ऊधमसिंहनगर अजय गणपति ने बताया कि सम्पूर्ण जनपद में चलाए जा रहे ओवरलोडिंग वाहनों के विरुद्ध अभियान में अब तक 155 ओवरलोड वाहनों का चालान किया गया है। 82 ओवरलोड वाहन सीज किए गए हैं 83 ओवरलोड वाहनों के कोर्ट के चालान किए गए। 14 वाहनों के ओवरस्पीड में चालान, 04 के ओवरस्पीड में कोर्ट के चालान , ओवरस्पीड में 02 वाहनों को सीज किया , ओवरहाइट में 02 वाहनों सीज किए गए।



